## खबर संक्षेप

### शहर में कई जगहों पर सड़कों पर अंधेरा,स्मार्ट सिटी की करोड़ों की लाइटें बनीं 'शो पीस'

**सतना।** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सड़कों और स्ट्रीट लाइटिंग पर सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च करने का दावा करने वाले शहर की जमीनी हकीकत त्योहारों के इस मौसम में कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के कई प्रमुख इलाकों में रोड लाइटें बंद पड़ी हैं,जिसके कारण घना अंधेरा छाया रहता है और करोड़ों रुपये की लागत से लगाई गई आधुनिक लाइटें केवल 'शो पीस' बनकर रह गई हैं। यह स्थिति तब है जब शहर में नवरात्रि और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों का माहौल है और लोग देर रात तक सड़कों पर आवाजाही करते हैं। शहर के राजेंद्र नगर,धवारी,वेंकट क्रमांक एक स्कूल के सामने,महादेव रोड,सतना नदी रोड और पतेरी के आगे के क्षेत्रों में अंधेरे की समस्या प्रमुखता से दिखाई दे रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये समस्याएं कोई नई नहीं हैं,लेकिन त्योहारी सीजन में इनका गंभीर होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। सतना को वर्ष 2016 में स्मार्ट सिटी मिशन के लिए चुना गया था। दावा किया जाता है कि इस मिशन के तहत सड़कें,जल आपूर्ति और सीवरेज जैसी परियोजनाओं के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटिंग पर भी भारी-भरकम राशि खर्च की गई है। नगर निगम का दावा है कि शहर में 30,000 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं,जिन्हें केंद्रीकृत नियंत्रण प्रणाली (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) से संचालित किया जाता है। इस प्रणाली का उद्देश्य न केवल स्ट्रीट लाइट की निगरानी करना है,बल्कि शहर की सुरक्षा,ई-चालान और अन्य सेवाओं को भी कवर करना है। हालांकि,नागरिकों की शिकायतें केंद्रीकृत नियंत्रण प्रणाली के दावों पर सवाल खड़ा करती हैं। लोगों का कहना है कि कई इलाकों में लाइटें घंटों तक बंद रहती हैं,जिससे दुर्घटनाओं और आपराधिक गतिविधियों का खतरा बढ़ जाता है। त्योहारों के दौरान यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है,जब सड़कों पर भीड़-भाड़ अधिक होती है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों को रात में निकलने में डर लगता है। नागरिकों ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना प्रबंधन से तुरंत इन बंद पड़ी लाइटों को ठीक कराने की मांग की है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद,मूलभूत सुविधा के अभाव में लोगों की सुरक्षा दांव पर है। शहरवासियों का कहना है कि अगर स्मार्ट सिटी के तहत लगी लाइटें काम नहीं कर रही हैं,तो यह सीधे तौर पर परियोजना के कार्यान्वयन और प्रबंधन में बड़ी खामी को उजागर करता है। शहर को रोशनी की जरूरत है,न कि करोड़ों रुपये के 'शो पीस' की।

### मैहर में गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन

**मैहर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर,महाकाल विद्यालय,मैहर में आज सप्तमी के दिन छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव नृत्य रूपी माता शारदे के पूजन-अर्चन के साथ मनाया गया। इस पुनीत आयोजन में विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह मंजू उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय की प्राचार्य विनीता बढ़ोलिया,हिमांशु बढ़ोलिया और अन्य आचार्य गण भी मौजूद थे। सर्वोत्तम नृत्य की प्रस्तुति करने पर निर्णायक मंडल द्वारा चुने गए उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को अतिथि द्वारा उपहार प्रदान किए गए।

### आरटीओ की बड़ी कार्रवाई में 52 हजार रुपये का राजस्व वसूला, वाहन चालक कागजात दुरुस्त रखें

**सतना।** प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान के तहत,क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। यह अभियान सतना से उचेहरा,परसमनिया,दुरेहा और वापस सतना मार्ग पर चलाया गया। इस दौरान कुल 54 वाहनों की जाँच की गई,जिसमें से 06 वाहनों में आंशिक कमियाँ पाई गईं। इन 06 वाहनों से 7,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, पूर्व में ज़ब्त की गई एक बिना परमिट बस से भी 45,000 रुपये की राशि वसूल की गई। आरटीओ ने स्पष्ट किया है कि यह कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए अपने सभी कागजात (दस्तावेज़) दुरुस्त करके अपने वाहनों में रखें।

# गौरव ट्रेडर्स' पर छापाः नकली 'यूनाइटेड' प्रेशर कुकर और किचन सामग्री बनाने का मामला








शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित झूलेलाल मंदिर,अमर भवन के पास संचालित गौरव ट्रेडर्स पर सोमवार दोपहर बड़ा छापा पड़ा।

सतना।

यह कार्रवाई यूनाइटेड प्रेशर कुकर कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के आरोपों के तहत दिल्ली और रीवा कोर्ट की टीमों के साथ-साथ कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। सोमवार को कोर्ट टीम और कंपनी के करीब 15 अफसर गौरव ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंचे और गहन जांच की। जांच के दौरान,दुकान और उसके ईदगाह चौक स्थित गोदाम से भारी मात्रा में यूनाइटेड कंपनी के नकली प्रेशर कूकर और अन्य किचन सामग्री बरामद किए जाने की खबर मिली है।बताया जाता है कि गौरव ट्रेडर्स लंबे समय से असली यूनाइटेड ब्रांड के नाम पर नकली सामान बनाकर विभिन्न जिलों में सप्लाई कर रहा था,जिससे संचालक ने करोड़ों रुपये की कमाई की। जब ग्राहकों की शिकायतें सामग्री में खामियों को लेकर सीधे यूनाइटेड कंपनी तक पहुंची,तो कंपनी ने अपने स्तर पर जांच शुरू की। इस जांच में खुलासा हुआ कि गौरव ट्रेडर्स कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर रहा है और नकली उत्पाद बेच रहा है। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। सिटी कोतवाली कटी रवेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को हरिभूमि को बताया कि कॉपीराइट एक्ट के तहत संबंधित टीम द्वारा करवाई की गई है। इस बीच डेट शाम तक कार्रवाई चलती रही। खबर लिखे जाने तक यह नहीं पता चला कि यहां पर किस तरह का कितना माल और क्या-क्या दस्तावेज छापा मारा टीम द्वारा जप्त किए गए हैं। आपको बता दे की जिस संस्थान में छापे की कार्रवाई की गई है उसका गोदाम सतना की ईदगाह चौक वहां इलाकों में भी बताया जा रहा है।

## मैहर नवरात्रि मेला: ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को घटिया नाश्ता,'गंदे तेल' वाली सलोनी-जलेबी से असंतोष

मैहर।



विश्व प्रसिद्ध मैहर शारदा देवी मंदिर में चल रहे नवरात्रि मेले के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को मिल रहे घटिया नाश्ते को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है। मंदिर की व्यवस्था संभालने में जुटे सैकड़ों कर्मचारियों को परोसी जा रही सलोनी और जलेबी की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसमें से गंदे और बासी तेल की तेज बदबू आ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि 24 घंटे की कठिन ड्यूटी के दौरान इस तरह का अस्वास्थ्यकर नाश्ता न केवल उनके स्वास्थ्य मानकों के खिलाफ है, बल्कि यह उनके प्रति अनादरपूर्ण भी है। कई कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे जानते हैं कि यह नाश्ता खाने लायक नहीं है,लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि इसकी शिकायत किससे करें और उनकी सुनवाई कौन करेगा।इस गंभीर मामले में व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं,लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने आकर स्थिति स्पष्ट करने को तैयार नहीं है। जब समिति कर्मचारी से इस संबंध में बात की गई,तो उनका रुख ठेकेदार के पक्ष में दिखाई दिया। उन्होंने कहा, जब ठेकेदार ऐसा ही नाश्ता दे रहा है,तो हम क्या कर सकते हैं? हमारे पास कोई शिकायत करने आया ही नहीं है। मेले में 24 घंटे सेवा देने वाले कर्मचारियों को ऐसा घटिया और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक नाश्ता परोसे जाने और फिर समिति कर्मचारी द्वारा ठेकेदार का पक्ष लेने वाला यह गैर-जिम्मेदाराना बयान कई गंभीर सवालों को जन्म देता है। यह साफ दर्शाता है कि कहीं न कहीं खाद्य आपूर्ति की निगरानी में बड़ी चूक हो रही है और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की अनदेखी की जा रही है। जिला प्रशासन और मंदिर समिति को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर ठेकेदार पर कार्रवाई करनी चाहिए और कर्मचारियों को सम्मानजनक एवं स्वास्थ्यकर नाश्ता उपलब्ध कराना चाहिए।

## मैहर में नवविवाहिता शशि मिश्रा की संदिग्ध मौत, दहेज प्रताड़ना व हत्या का आरोप; बैंक मैनेजर पति गिरफ्तार

मैहर।

मैहर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान लगभग 24 वर्षीय शशि मिश्रा के रूप में हुई है,जो एक निजी वित्तीय कंपनी (एच डी बी फाइनेंस) में कार्यरत थीं। मृतका के मायके पक्ष ने उनके पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मृतका के पति, अतुल मिश्रा 27 वर्ष,जो इंडसइंड बैंक में कार्यरत हैं,को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की विस्तृत जाँच शुरू कर दी है।

### परिजनों का आरोपः हत्या सुनियोजित साजिश

मृतका के भाई और मायके पक्ष ने पति के बयान को झूठा बताते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार,उनकी शादी वर्ष 2023 में हुई थी और तभी से लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। उन्होंने यह भी बताया कि शशि के साथ पहले भी मारपीट हुई थी,लेकिन इस उम्मीद में चुप रहे कि रिश्ते सुधर जाएंगे। परिजनों ने एक बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि



घटना से कुछ देर पहले शशि ने अपनी माँ को फोन पर बताया था कि पति मैगी बना रहे हैं और मैं रोटी बना रही हूँ। मायके वालों ने सवाल किया कि रात 9 बजे अचानक घर में कीटनाशक कहाँ से आया? उन्होंने यह दावा किया कि यह एक पहले से सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है।

### पति का दावाः विवाद के बाद पी लिया कीटनाशक

गिरफ्तारी से पहले पति अतुल मिश्रा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि रविवार रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर वह गुस्से में घर से बाहर चले गए। जब वह लौटकर आए तो उन्होंने देखा कि पत्नी गिलास में कीटनाशक पी रही थीं और पास में ही दवाई का एक खाली पैकेट पड़ा था। इसके तुरंत बाद शशि बेहोश होकर गिर गईं। अतुल ने पड़ोसी विजय तिवारी को सूचना दी और उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू की

मैहर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और संदिग्ध मौत के आरोपों के मद्देनजर पति अतुल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जाँच कर रही है।

## रावण दहन की तैयारियों का लिया जायजा, यातायात सुधारने मुख्य सचिव को सौंपा सुझाव



सतना।

विजयादशमी पर्व के अवसर पर शहर में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रमों की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने धवारी मोड़ स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।यह कार्यक्रम बिहारी की राम लीला मंडली द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है,जबकि दूसरा बड़ा कार्यक्रम डालीबाबा राम लीला कमेटी द्वारा हवाई अड्डा के पास मैत्री बाग के सामने आयोजित होता है। महापौर योगेश ताम्रकार ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए और इस बात पर ज़ोर दिया कि दर्शकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम राहुल सिलाडिया,नगरनिगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी सहित नगरनिगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि भव्य आयोजन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें। शहर की बढ़ती यातायात समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए,महापौर योगेश ताम्रकार ने एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया है। उन्होंने सोमवार को मुख्य सचिव,लोक निर्माण विभाग,म.प्र. शासन, सुखवीर सिंह को एक विस्तृत सुझाव पत्र सौंपा है। महापौर ने पत्र के माध्यम से शहर के बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लागू करने का अनुरोध किया है। शहर में यातायात व्यवस्था लंबे समय से अव्यवस्थित चल रही है,जिसमें बाजार क्षेत्र और रीवा रोड पर सबसे ज्यादा जाम और समस्या देखने को मिलती है। हालांकि, पिछले दिनों यातायात समिति की बैठक हुई थी जिसमें ब्लैक स्पॉट खत्म करने पर चर्चा हुई थी,लेकिन जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।महापौर ने अपने सुझाव पत्र में मुख्य रूप से दो बड़े निर्माण कार्यों की मांग की है। जिसमें कहा गया कि बिरला सीमेंट ट्रक यार्ड से बदखर (सेमरिया रेलवे क्रासिंग तक) की ओर जाने वाली टू-लेन रोड को फोर लेन रोड में परिवर्तित किया जाए। संतोषी माता मंदिर से सिविल लाइन (मुख्यत्यारगंज) तक नया फ्लाई ओवर ब्रिज बनाया जाए। महापौर का मानना है कि इन परियोजनाओं से शहर की बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या के अनुरूप यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुरक्षित बनाया जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मुख्य सचिव इन सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई करेंगे,ताकि शहरवासियों को जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

## मैहर में दर्दनाक सड़क हादसा: कोर्ट लिपिक की मौत, सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी पर गुस्सा

मैहर।



नगर की सतना रोड स्थित संत थाम स्कूल के पास रविवार रात हुए एक हृदय विदारक सड़क हादसे में मैहर सिविल कोर्ट में पदस्थ लिपिक दुर्गेश पटेल उम्र लगभग 30-31 वर्ष, निवासी मंडला,हाल मुकाम मैहर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,ड्यूटी समाप्त कर न्यायालय से घर लौट रहे दुर्गेश पटेल की बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों पर न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए गए थे,जिस कारण अंधेरे में गड्ढे का अंदाज़ा लगाना मुश्किल था।कुछ लोगों ने यह भी कहा कि किसी तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी,जिससे वे गड्ढे में गिरे।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को सिविल अस्पताल ले जाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने दुर्गेश पटेल को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्रीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। उनका आरोप है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता,तो यह हादसा टाला जा सकता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्यों की कड़ी निगरानी की जाए,बैरिकेडिंग और सुरक्षा संकेत लगाना अनिवार्य किया जाए। फिलहाल,इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का पुरुस्कार वितरण के साथ हर्षोल्लास से समापन

### सामाजिक एकता से ही समाज का विकास होता हैः सिद्धार्थ कुशवाहा

सतना।

प्रभु श्री राम की 34वीं पीढ़ी के वंशज और अग्रकुल के आराध्य श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती समारोह का समापन बूटीबाई अग्रवाल विद्या सदन,जवाहर नगर में बड़े ही धूमधाम और पुरस्कार वितरण एवं गरिमामयी कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। समाज के प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल (रम्पू) ने बताया कि समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के मंदिर में दीप प्रज्जवलन,पूजा अर्चना,महाआरती एवं छप्पन भोग लगाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा (डब्बू) रहे,जबकि डॉ.सुनील अग्रवाल और डॉ.देवेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मण्डल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन किया।



### वयोवृद्ध एवं कर्मठ नागरिकों का सम्मान

इस अवसर पर समाज के वयोवृद्ध युगल दम्पत्तियों भरतकिशोर अग्रवाल-श्रीमती सुधा अग्रवाल और मोहनलाल अग्रवाल-श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल का सपत्नीक सम्मान किया गया। साथ ही,शंकर प्रसाद अग्रवाल (विपिन स्पोर्ट्स), श्रीमती सरमनिया अग्रवाल(धर्मपत्नीःस्व.जुगलकिशोर अग्रवाल) को भी शाल,श्रीफल,सम्मान पत्र प्रेषित कर सम्मानित किया गया। महामंत्री राम अग्रवाल ने जानकारी दी कि मुख्य अतिथि विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में समाज के हर वर्ग,मातृशक्ति और बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के विभिन्न घटकों द्वारा महीने भर से अनवरत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,जो समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सामाजिक एकता निरंतर बनी रहे की कामना करते हुए कहा कि भविष्य में समाज को किसी भी मदद की आवश्यकता हो,इसके लिए वह हर संभव प्रयासरत रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

## सर्पदंश से बालक की मौत



अमानगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत कांटी चौकी महेबा निवासी दिनेश रजक ने थाना उपस्थित होकर सूचना दी कि उसका भतीजा ऋषि रजक (13) पिता राकेश रजक को बीती रात लगभग 9 बजे खेत में लकड़ी उठाते समय सर्प ने काट लिया। परिजन उसे 29 सितंबर को सुबह 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## श्री नर्मदा प्रसाद गर्ग का दुखद निधन



पन्ना। देवेंद्रनगर के डड़वरिया निवासी श्री नर्मदा प्रसाद गर्ग (पिता स्व श्री रामसेवक गर्ग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ) जी का 27 सितम्बर को सुबह देवलोक गमन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।शोकाकुलअग्रज-रामकुमार गर्गरामेश्वर प्रसाद गर्गपुत्र-रजनीश गर्ग है। इस दुख बज्रपात दुख सहन करने की कामना करते है।

## विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, वीक पॉइंट समझाया

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय ,ढीमरखेड़ा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कनौजिया ने विद्यार्थियों को बताया कि मुसीबत के समय किन-किन अंगों पर प्रहार कर स्वयं की सुरक्षा की जा सकती है।उन्होंने कराटे के अभ्यास कराते हुए आत्मरक्षा के वीक पॉइंट समझाए। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए विशेष साधनों की आवश्यकता नहीं होती, हम उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से भी खुद की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम में सचिन कोष्टा, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, डॉ. हर्षित द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दुर्गा पंडालों और रामलीला मंचों का किया निरीक्षण

**उमरियापान** नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हैं। शनिवार रात स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी और थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने उमरियापान नगर में पैदल गश्त कर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों और रामलीला मंचों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने समितियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीओपी ने विशेष रूप से बिजली के तारों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# अष्टमी को मां ज्वाला का सजा सोलह श्रृंगार

### हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से मंदिर पहुंचे भक्त गण



**अमानगंज-** नगर अमानगंज का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां ज्वाला देवी मंदिर में अष्टमी को मां ज्वाला का सोलह श्रृंगार सजा जहाँ भारी संख्या में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से मंदिर मां के दर्शन करने पहुंचे।नवरात्रि की अष्टमी को मां ज्वाला का सिंगार प्रत्येक वर्ष किया जाता है इस दिन मां के मंदिर में दोपहर से पट बंद करके मंदिर की साफ सफाई की जाती हैं उसके बाद मां का सिंगार सजाया जाता है और रात्रि 8:30 बजे मां की आरती होती है और उसके बाद भक्तगण दर्शन करते हैं मां ज्वाला का श्रंगार पूरी रात सजा रहता है और चौथे पहर की सुबह 4 बजे मां की आरती के बाद श्रंगार उतरता है जहाँ अमानगंज नगर सहित ग्रामीण अंचलों के हजारों भक्तगण मां ज्वाला मंदिर पहुंचे। जहां माताएं चूड़ी बिंदी महार लेकर माता के चरणों में समर्पित कर उन्हें प्रसाद के रूप में लेकर अपने सिंगार का हिस्सा बनाया और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

# पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पेट्रोल का परिवहन करने वाले आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त कार एवं 630 लीटर अवैध पेट्रोल सहित कुल 4 लाख 68 हजार रूपये का मशरूका जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाहियाँ किये जाने के निर्देश दिये गये हैं । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने -अपने थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से अपने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में मुखबिर द्वारा दिनांक 28.09.2025 को थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह को सूचना दी गई कि एक व्यक्ति अपनी मारूती सुजुकी इको कार से अवैध पेट्रोल विक्री करने के लिए जसो रोड से आ रहा है । मुखबिर सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सलेहा द्वारा थाना पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँच कर सूचना की तस्दीक की गई। पुलिस टीम द्वारा सूचना अनुसार सलेहा जसो रोड पर भठिया मोड के आगे सन्यासी बाबा के स्थान के पास पहुँचकर मुखबिर के बताये अनुसार सफेद रंग की मारूती इको कार क्र0 डच्35ब्4223 को रोककर कार चालक से नाम पता पूँछा गया तो चालक द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लिये जाने पर कार में कुल 13 अदद नीले रंग के केन में करीब 630 लीटर अवैध पेट्रोल कीमती करीब 68040 रूपये का होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध पेट्रोल एवं परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना सलेहा में अपराध क्र0 312/2025 धारा 3/7 आवश्यक बस्तु अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री -**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 13 अदद नीले रंग के केन में भरा करीब 630 लीटर अवैध पेट्रोल कीमती करीब 68040 रूपये एवं एक परिवहन में प्रयुक्त 01 अदद मारूती इको कार क्र डच्35ब्4223 कीमती करीब 4,00,000/- रूपये सहित कुल 4 लाख 68 हजार रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा एवं थाना स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पन्ना पुलिस द्वारा पवई थाना क्षेत्रान्तर्गत कटन नाला पुलिया के पास हुई लूट की घटना का खुलासा कर 03 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

### आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ करीबन 03 लाख रुपये नगदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन एवं फिंगर प्रिंट डिवाइस की लूट की घटना को दिया गया था अंजाम आरोपियों के कब्जे से लूटा हुआ 01 लैपटॉप, 02 फिंगर प्रिंट डिवाइस व नगदी सहित घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसायकिल की गई जप्त




**पन्ना।** पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित गंभीर लूटपाट एवं मारपीट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए थाना पवई पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से लूट की नगद राशि, लैपटॉप, फिंगर स्कैनर डिवाइस सहित घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल बरामद की गई है।दिनांक 12.09.2025 को फरियादी द्वारा थाना पवई आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी स्कूटी क्रमांक डच्-35 श्रक-3246 से मोहन्द्रा (जहां वह क्योस्क बैंक दुकान चलाता है) से अपने घर लौट रहे थे। ग्राम टपरियन के पास कटन नाला पुलिया के समीप तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने फरियादी पर डंडे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा उनके पास से स्कूटी की डिग्गी में रखी नगदी, लेनोवो कम्पनी का लैपटॉप, दो फिंगर स्कैनर डिवाइस तथा एक मोबाईल फोन लूट लिया है। घटना पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 404/25, धारा 309(4) ठछै के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम गठित कर मामले के आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु सतत प्रयास किए गए, घटना स्थल के आसपास एंव संभावित रुट पर सी.सी.टी.व्ही कैमरो का निरीक्षण किया गया एवं मुखविर तंत्र सक्रिय किया गया। जिसके फलस्लरूप लगातार तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर थाना पवई पुलिस ने दिनांक 28.09.2025 को मोहन्द्रा-पवई रोड से घटना मे शामिल 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा 02 अन्य व्यक्तियो के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम द्वारा लूट की नगद राशि, लैपटॉप, फिंगर स्कैनर डिवाइस एवं घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसायकिल जब्त की है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1.फैजान पिता पीर मुहम्मद, निवासी ग्राम हथकुरी थाना पवई।
2.साहिल शर्मा पिता संतोष शर्मा, निवासी ग्राम रहूटा थाना पवई।
3.लोकपाल पिता अंगद सिंह राजपूत, निवासी ग्राम पटना कला थाना सिमरिया घटना मे शामिल 02 अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है।

**जप्त सामग्री-**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की 22 हजार रुपये नगद राशि, लैपटॉप, फिंगर स्कैनर डिवाइस एवं अन्य घटना में प्रयुक्त सामग्री(डण्डे, मोटर सायकिल) जब्त की है।

**सराहनीय योगदान –**

थाना प्रभारी पवई निरी. त्रिवेंद्र त्रिवेदी, सउनि प्रमोद बागरी, प्र.आर. अनिल गर्ग, सुरेंद्र, आर. प्रेम, राहुल, महेश चौहान एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# गुनौर खाद वितरण केंद्र पर भारी भीड़, टोकन वितरण में गड़बड़ी से किसानों में आक्रोश



**गुनौर।** जवाहर विपणन केंद्र में खाद विपणन में शुक्रवार को डीएपी 18-46 खाद लेने पहुँचे किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों ने आरोप लगाया कि टोकन विपणन में जमकर अनियमितताएँ बरती जा रही हैं। सुबह से लंबी कतारों में खड़े रहने के बाद भी कई किसानों को टोकन नहीं मिला, जिससे नाराज़गी बढ़ गई।आपको बता दे की किसान सुबह 6 बजे से ही लाइन में लग गया था लेकिन जब जवाहर वितरण प्रभारी ओसाब सिंह ने कहा की टोकन मंडी विपणन केंद्र से मिलेंगे और खाद लेने यहां आना पड़ेगा जिससे किसान काफ़ी परेशान हो गए क्योंकि जो किसान सुबह से लाइन में लगा था उसको टोकन लास्ट का मिलता है और जो किसान लास्ट में आय उसको पहले टोकन मिल गया। खाद की किल्लत और समय पर विपणन ना होने से किसानों ने केंद्र प्रबंधन ओसाब सिंह राजपूत पर लापरवाही का आरोप लगाया। कुछ किसानों का कहना था कि परिचितों और चहेतों को पहले टोकन दिए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक पात्र किसान घंटों इंतज़ार करने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं।भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर उपस्थित कुछ किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही पारदर्शी व्यवस्था नहीं बनाई गई तो वे आंदोलन का सहारा लेने को मजबूर होंगे प्रशासन इस पर तत्काल कार्यवाही करें।

# स्वास्थ्य केंद्र पवई में हुआ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



### लगभग 500 महिलाओं ने कराया पंजीयन

### स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत किया गया आयोजन

पवई। देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से की गई,जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिवरों के माध्यम से महिलाओं की विभिन्न बीमारियों की जांच करना,इलाज करना,एवं उन तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को आसान बनाना आदि किया जा रहा है। क्योंकि जब महिलाएं स्वस्थ होगी तभी परिवार सशक्त और देश समृद्ध बनेगा। इसी कड़ी में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें लगभग 500 महिलाओं ने पंजीयन कराया, जिसके बाद उनकी जांच आंख, कान,गला, शिशु रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ अन्य विशेषज्ञों द्वारा की गई साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। दोपहर 3:00 भोपाल में उपस्थित डिप्टी डायरेक्टर द्वारा शिविर का निरीक्षण एवं यूनिसेफ व वधवानी के ब्लॉक कॉर्डिनेटर द्वारा मॉनिटरिंग की गई। इस अवसर पर डॉ डी पी प्रजापति नाक कान गला विशेषज्ञ,डॉ आर.के. ठाकुर नेत्र विशेषज्ञ, डॉ प्रदीप द्विवेदी मेडिसिन विशेषज्ञ,डॉ जितेंद्र कुमार यादव टीवी रोग विशेषज्ञ,डॉ ओम हरि शर्मा,डॉ अंकित पांडे,डॉ विवेक तिवारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जेके सीमेंट के पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व प्रबंध निदेशक की 72 वीं जन्म जयंती पर जिले भर में हुए कार्यक्रम

### सीमेंट प्लांट में किया गया विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### गौ संवर्धन समिति पवई में गौ माता के लिए किया गया चारा वितरण



अमानगंज। पन्ना जिले की पहली सीमेंट फैक्ट्री जेके सीमेंट के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक स्वर्गीय यदुपति सिंघानिया की 72 वीं जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां सीमेंट प्लांट पुरैना में आईटीआई परिसर में विशाल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर से अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लगभग 1500 मरीजों की निशुल्क जांच एवं इलाज किया गया,इसके अलावा स्टाफ के द्वारा 120 बैग रक्त दान किया गया। तो वही पन्ना में पोस्टर जागरूकता कार्यक्रम, अस्पताल में मरीजों को फल वितरण व अनाथ बच्चों की इलाज की व्यवस्था की। तो वही दूसरी ओर पवई से 7 किलोमीटर दूर कटनी रोड पर स्थित श्री विद्यासागर गौ संवर्धन समिति गौ सदन में जेके सीमेंट के टेक्निकल हेड अर्पण पारीक एवं मैनेजमेंट प्रमुख मनीष शर्मा ने पहुंचकर गौ सदन में गायों के लिए चारा भी वितरित किया साथ में उनकी देखभाल के लिए दवाइयां व अन्य वस्तुएं भी गौशाला को प्रदान की। इस दौरान टेक्निकल हेड ने जानकारी देते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा, और उससे ज्यादा महत्वपूर्ण गौ शाला आना रहा। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष नितिन जैन,पूर्व अध्यक्ष ज्ञानी जैन, अजित कुमार जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी,सुभाष जैन मोनू जैन,लकी जैन मौजूद रहे। बता दें कि यदुपति सिंघानिया का जन्म 29 सितंबर 1953 को हुआ था। जीके सीमेंट इनकी मालिकाना हक वाली कंपनी है इसके अलावा जेके टायर,जेके लक्ष्मी सीमेंट,जेके पेपर कंपनियां भी शामिल हैं। जे के संगठन की स्थापना लाला कमलापति सिंघानिया ने की थी, जिनका नाम और उनके पिता लाला जुग्गीलाल सिंघानिया के नाम को मिलाकर जेके नाम पड़ा था। 13 अगस्त 2020 को 66 वर्ष की आयु मे उनका निधन हो गया था।

## अभियान चलाकर 253 मवेशियों को हटाया गया

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्गों में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर अंकुश लगाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के लिए निगम की हांका गैंग सक्रिय हो गई है। जिसके तहत शनिवार देर रात नगर के 7 प्रमुख मार्गों सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लगभग 245 घुमंतू मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा से बाहर किए जाने की कार्यवाही की गई। जबकि बाजार क्षेत्र से 8 मवेशियों को पकड़कर काऊ कैचर वाहन से कांजी हाउस भेजा गया। मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, पन्ना मोड़ से साईं मंदिर होते हुए गल्ला मंडी रोड, इंदिरा नगर तिराहा, कलेक्ट्रेट कार्यालय से झिंझरी, जिला न्यायालय मार्ग, न्याय निकुंज से पीर बाबा एवं सत्य नारायण मंदिर मार्ग से दुर्गा चौक सहित स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया।

# रक्तदान महादान - सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल





### भाजपा के युवा कार्यकर्ता समाजसेवा और योजनाओं को घर-घर पहुँचाने में अग्रणी

सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर से नई ऊर्जा

देवेन्द्रनगर। भारतीय जनता पार्टी मंडल देवेंद्रनगर ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर समाजसेवा की एक प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की। रक्तदान शिविर ने न केवल मानवीय मूल्यों को सशक्त किया, बल्कि कार्यकर्ताओं में सेवा भावना की नई ऊर्जा का संचार भी किया।

### योजनाओं को घर-घर पहुँचाने का अभियान

भाजपा के युवा कार्यकर्ता और सेवादल न केवल रक्तदान जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओंकृजैसे वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लाडली बहना योजना, गरीब कल्याण योजनाएँ और जिला चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी योजनाएँकृको जन-जन तक पहुँचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हितग्राहियों की पहचान से लेकर लाभ दिलाने तक यह कार्य नियोजित और सतत तरीके से चलाया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी सहायता पहुँच सके।

### रक्तदाताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति

इस पुनीत कार्य में श्री शिवेंद्र सिंह परिहार (मंडल सोशल मीडिया प्रभारी), श्री उमेश पाठक (मंडल उपाध्यक्ष), श्री गोलू चौहान, श्री अजय पटेल, श्री ध्रुव चौबे (युवा मोर्चा जिला मंत्री), श्री गोपी सिसोदिया, श्री अशोक कुशवाहा, श्री आदर्श सिसोदिया, श्री मोहम्मद शफी, श्री शनि जैन, श्री गुलशेर अहमद, श्री सुनील चौरसिया, श्री तीरथ प्रसाद, श्री अजाज खान और श्री शुभम श्रीवास्तव (मंडल मीडिया प्रभारी) ने रक्तदान किया। इस अवसर पर आदरणीय श्री भास्कर पांडे (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा पन्ना), मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजनीति में समाजसेवा का नया आयाम- आज राजनीति का स्वरूप बदल रहा है और भाजपा ने इसे समाजसेवा के नए आयाम से जोड़ा है। कभी रक्तदान शिविर, कभी गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ पहुँचानाकृइन सबके माध्यम से भाजपा ने यह परंपरा स्थापित की है कि सेवा और सहयोग ही उसकी पहचान है। भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं की यह सतत सक्रियता राजनीति में विश्वास, पारदर्शिता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को मजबूत कर रही है।

# देवेंद्रनगर का गौरव - पार्थ सारथी बुंदेला का नीट-यूजी 2025 में चयन

### ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा ने रचा इतिहास, देवेंद्रनगर की शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### बड़ागांव के होनहार ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित



पन्ना।देवेंद्रनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के प्रतिभाशाली छात्र पार्थ सारथी बुंदेला ने नीट-यूजी 2025 में सफलता अर्जित कर समूचे जिले व अंचल का नाम रोशन किया है। नगर परिषद देवेंद्रनगर में पदस्थ उपयंत्री एम.एस. बुंदेला के सुपुत्र एवं स्वर्गीय युवराज सिंह बुंदेला के पौत्र पार्थ सारथी ने 526 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 27,243 तथा सामान्य वर्ग में 10,787 रैंक हासिल की। मध्यप्रदेश कोटा में 517 रैंक प्राप्त कर उन्हें श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा में प्रवेश मिला।

**प्रारंभिक शिक्षा से लेकर राष्ट्रीय उपलब्धि तक का सफर-**

पार्थ सारथी बुंदेला की प्रारंभिक शिक्षा अजयगढ़, जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया एवं रेनबो पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर में हुई। मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने मेडिकल में प्रवेश पाकर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अंचल के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उनके बड़े भाई पार्थ देव बुंदेला ने आईआईटी धनबाद से बी.टेक कर वर्तमान में एनटीपीसी सिंगरौली में कार्यरत हैं। बुंदेला परिवार की यह उपलब्धि देवेंद्रनगर के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

**देवेंद्रनगर का चिकित्सकीय योगदान और उपेक्षा की विडंबना-**

गौरतलब है कि देवेंद्रनगर से अब तक तीन दर्जन से अधिक एमबीबीएस डॉक्टर निकल चुके हैं, जो न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रहे हैं। इसके बावजूद सबसे बड़े दुख की बात यह है कि देश को स्वतंत्र हुए आठ दशक और देवेंद्रनगर में महाविद्यालय स्थापित हुए चार दशक से अधिक बीत गए, फिर भी यहाँ उच्च शिक्षा में विज्ञान विषय की पढ़ाई आज तक शुरू नहीं हो सकी। यह विडंबना दर्शाती है कि जिस क्षेत्र ने बार-बार चिकित्सा व शिक्षा में अपनी क्षमता साबित की है, वहीं सरकारी नीतियाँ अभी भी उसे अपेक्षित सुविधाएँ नहीं दे पा रही हैं।

**बधाइयों और शुभकामनाओं की झड़ी-**

पार्थ सारथी बुंदेला की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके माता-पिता, परिवारजन, इंदिरा सिंह बुंदेला (प्राचार्य सीएम राइज ककरहटी), शत्रुंजय सिंह बुंदेला (स्वच्छता निरीक्षक), इष्टमित्रों एवं पत्रकार बंधुओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर साईं रोटी कपड़ा बैंक, पत्रकार विकास परिषद, मस्लक-ए-आला हजरत कमेटी, जीरो सेवा समिति, सार्वजनिक सेवा समिति सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। पार्थ सारथी बुंदेला की यह सफलता न केवल देवेंद्रनगर बल्कि पूरे बुंदेलखंड अंचल की प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह संदेश देती है कि अवसर एवं संसाधन मिलें तो ग्रामीण क्षेत्र भी देश का भविष्य गढ़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### देवी मां के दरबार में हुई खाटू श्याम भजन संध्या

**भंडारे में प्रसाद लेने पहुंचे हजारों भक्त**

**नौगांव।** नवदुर्गा उत्सव समिति वीरेंद्र कॉलोनी द्वारा सप्तमी तिथि पर विशाल भंडारे और खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 9 बजे आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप, पूर्व अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, तिवारी सामंत सिंह, शैलू राजा एवं संजय अग्निहोत्री ने आरती में शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

खाटू श्याम म्यूजिक भजन संध्या ग्रुप के चेतन तिवारी के भजनों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। हारे का सहारा श्याम हमारा, खाटू के दर पर एक बार बुला लेना जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। गायक कलाकार दीक्षा एवं प्रतीक्षा यादव ने मां शेरावाली और भगवान श्रीकृष्ण के भजनों से माहौल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। सागर से आए गायक केश साहू के भजनों ने भी श्रोताओं को खूब आनंदित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीरज दीक्षित ने कहा कि नवदुर्गा का समय चल रहा है, माता रानी सभी पर कृपा करें और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश मिलता है। आयोजन समिति के अरविंद यादव, पार्षद टिंकू यादव, ऋषि यादव, जितेंद्र राजपूत, आयुष सक्सेना, दीपक अनुरागी सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों और भजन गायकों का स्वागत किया।

### 17 हजार की अवैध शराब जब्त, 3 प्रकरण दर्ज

**कटनी।** जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय व परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 के अंतर्गत ग्राम निमियाहार एवं आधारकाप में आबकारी अमले ने औचक छापामारी की। इस दौरान प्लास्टिक के गुम्मो में भरे 150 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 13 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं च के 3 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये । जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि जब्त महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त महुआ लाहन एवं शराब की कीमत लगभग 16 हजार 950 रूपए है।वहीं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच करने कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में आबकारी वृत स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम तिलहरी निमास में टीम द्वारा दबिश देकर 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### आवासों में राजस्व एवं निकाय को वसूली बढ़ाने के निर्देश

# आंगनबाड़ियों के निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करें: कलेक्टर

कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

छतरपुर।




कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, निकायों के सीएमओ, जनपदों के सीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने कृषि अधिकारी से जिले में खाद की उपलब्धता, अवैध खाद परिवहन भंडारण की कार्यवाहियों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि जिन समितियों में खाद शून्य की स्थिति में है, वहां रैक प्राप्त होने पर प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराएं। उन्होंने भावांतर योजना के संबंध में भी नोडल अधिकारी, सभी मंडियों में अधिकारियों को ड्यूटी लगाने, समितियों के गठन करने के निर्देश दिए और कहा कि इस योजना का किसानों को सोयाबीन खरीदी में अच्छा लाभ मिले। योजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम मॉनिट और सीएस मॉनिट की शिकायतों में एसपी ऑफिस, सीएमओ छतरपुर, सीएमएचओ स्तर पर लंबित शिकायतों को जल्द निराकरण कराते हुए प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पिछले माह से इस माह ग्रेडिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, डूडा, महिला बाल विकास को विशेष रूप से ग्रेडिंग सुधार हेतु निर्देशित किया। साथ ही कोर्ट केसेस में संबंधित विभागों को जवाब फाइल कराने के भी निर्देश दिए।

#### आरआरसी एवं निकाय स्तर से वसूली बढ़ाने के निर्देश -

कलेक्टर ने पीओ डूडा को पीएम आवास 2.0 में फाइल अप्रूवल हेतु फॉलो करने एवं सरेंडर किए गए हितग्राहियों के आवासों के आरआरसी और निकायों से वसूली बढ़ाने के सीएमओ छतरपुर, गढ़ीमलहरा, खजुराहो, लुकुशनगर, घुवारा, बारीगढ़ को निर्देश दिए। उन्होंने हॉर्टिकल्चर विभाग की क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम, सागर कबरई में मुआवजा, अंश निर्धारण की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ड्रग इंस्पेक्टर से की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए उनको निरंतर कार्यवाहियां करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य केंद्रों पर लंबित एमएलसी रिपोर्ट की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान में जिला संयोजक को सेवा केन्द्रों के नोटिफिकेशन जारी करने एवं आदि सहयोगी बनाने और सर्वे कार्य, ट्रेनिंग, दीवार लेखन आदि गतिविधियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पेंशन अभियान में लंबित प्रकरणों को जल्द निराकरण कराने के लिए भी निर्देशित किया।

#### अर्बन फॉरेस्ट के नामकरण करने के निर्देश

कलेक्टर ने एक बगिया मां के नाम में जनपद सीईओ को प्रशासकीय स्वीकृति एवं मस्टर कराने के निर्देश दिए। साथ ही निकायों में बनने वाले अर्बन फॉरेस्टों के प्रस्ताव बनाकर क्षेत्रीय मान्यतानुसार एवं प्रसिद्ध व्यक्तियों के नाम पर उनके नामकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान में सीएमएचओ को स्वास्थ्य जांचों की एंट्री बीएमओ स्तर से बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन शेष उपस्वास्थ्य केंद्रों के कार्य भी जल्द शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के शेष छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति वेरिफाई, अप्रूवल हेतु निर्देशित किया।

#### यूवीन पोर्टल पर एण्ट्री नहीं करने पर मांगा स्पष्टीकरण -

कलेक्टर ने स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान में खराब प्रगति पर सीएमएचओ का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही 8 आंगनवाड़ियों में एएनएम द्वारा यूवीन पोर्टल पर डाटा नहीं भरने पर लिखित स्पष्टीकरण के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने श्रम विभाग अंतर्गत संबल योजना के शेष हितग्राहियों की ई केवाईसी कराने के लिए निर्देश दिए और एसडीएम एवं डीएम लॉग इन पर अपील के लिए लंबित आवेदनों को शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। जिससे श्रमिकों को अनुग्रह सहायता राशि प्राप्त हो सके।

#### आयुष एवं पीएमजीएसवाई अधिकारी को शोकॉज -

कलेक्टर ने सेवा पखवाड़े अंतर्गत शुरू किए गए नवाचार में मंगलवार को आंगनवाड़ियों में अधिकारियों द्वारा टीकाकरण, उपस्थिति एवं अन्य सुझावों के लिए किए गए निरीक्षण के फीडबैक लिए। जिसमें प्राप्त कमियों पर संबंधित अधिकारी को सुधार हेतु निर्देशित किया। आयुष, पीएमजीएसवाई के संबंधित अधिकारी को शोकॉज जारी करने एवं गूगल सीट निल भरने पर सीडीपीओ राजनगर से लिखित स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के तहत आगामी मंगलवारों को ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसमें अधिकारी निरीक्षण कर डेटा दी गई शीट में भरेंगे।

#### ग्राम स्तर के कार्यालयों में कर्मचारियों की सूची एवं बच्चों के मीनू चार्ट चस्पा करने के निर्देश

कलेक्टर ने पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ियों में स्थानीय कर्मचारियों के नाम चस्पा करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में मेन्यू भी चस्पा करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ियों पर पेंट कराकर टीकाकरण के शेड्यूल चस्पा करने के भी निर्देश दिए।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए मजदूर दंपत्ति: पति की मौत गर्भवती पत्नी घायल, पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नौगांव।

कहते हैं कि जिस परिवार का कमाने वाला व्यक्ति चला जाता है, वहां केवल आर्थिक संकट ही नहीं टूटता बल्कि पूरा परिवार भी बिखर जाता है। ऐसा ही हृदय विदारक मामला नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा से सामने आया, जहां सोमवार दोपहर खेत में काम कर रहे मजदूर दंपति पर अचानक बदले मौसम के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई।



जानकारी के अनुसार, ग्राम नगासी थाना उत्साहित जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) निवासी राजकुमार (35 वर्ष) पुत्र नेत्रपाल अपनी पत्नी प्रियंका ठाकुर (32 वर्ष) और छह बच्चों के साथ चौखड़ा गांव के समीप खेत में मजदूरी कर रहा था। दोपहर को मौसम में अचानक बदलाव हुआ और तेज गर्जन के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। गनीमत रही कि उनके बच्चे इस प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित बच गए।

बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी सात माह की गर्भवती है। ऐसे में परिवार की स्थिति और भी दयनीय हो गई है क्योंकि मृतक के छह छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। अब बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते दिनों नौगांव की जनता जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स डिस्टलरी से निकलने वाले सूख गुलटन की बदबू से परेशान थी। लगातार विरोध और शिकायतों के बाद प्रशासन की सख्ती से डिस्टलरी संचालक ने गुलटन को कंपनी से हटाकर मानपुर के समीप खेतों में शिफ्ट किया था। मजदूर दंपत्ति वहीं मजदूरी कर रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। एक दर्जन परिवार पहुंचे थे मजदूरी करने जानकारी के अनुसार, मृतक मजदूर के गांव नगासी से करीब एक दर्जन परिवार मजदूरी करने के लिए नौगांव क्षेत्र में आए थे। इनमें से तीन परिवार चौखड़ा गांव में काम कर रहे थे। सौभाग्य से वे इस प्राकृतिक आपदा से बच गए, लेकिन राजकुमार की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया।ग्रामीणों और समाजसेवियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और छह बच्चों की परवरिश के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

#### एसडीएम और एसडीओपी पहुंचे अस्पताल -

घटना की जानकारी लगने के बाद और जैसे ही शव नौगांव अस्पताल लाया गया तो तत्काल एसडीएम गोपाल शरण पटेल और एसडीओपी अमित मेश्राम अस्पताल पहुंचे उन्होंने अन्य मजदूरों से मृतक की परिवार की जानकारी ली वहीं एसडीएम का कहना है दुखद घटना ग्राम चोपड़ा से सामने आई है आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई है पत्नी भी उसकी झुलस गई है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है इन मजदूरों के संबंध में पूरी जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी



## खजुराहो में पहली बार होगा सिंदूर खेला का आयोजन

**खजुराहो।** शारदीय नवरात्रि की नवमीं तिथि पर खजुराहो में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन खजुराहो के ऐतिहासिक मतंगेश्वर मंदिर के सामने स्थित माता के पंडाल में संपन्न होगा।

आयोजन की जानकारी देते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कविता राजा ने बताया कि बंगाल एवं मुंबई में प्रचलित सिंदूर खेला परंपरा को पहली बार खजुराहो में भी आयोजित किया जा रहा है। इस परंपरा में महिलाएं हाथ में घूंचू लेकर नृत्य करती हैं, माता को सिंदूर अर्पित करती हैं और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पान खिलाती हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम नवमी तिथि को शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। इसमें क्षेत्र की माताएँ एवं महिलाएँ माता शक्ति से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने पति की लंबी आयु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। उन्होंने खजुराहो एवं आसपास के क्षेत्र की सभी माताओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## देवी मां के भक्तों ने आयोजित की भजन संध्या

भक्तिरस में डूब गया चौबे कॉलोनी का दुर्गा पंडाल



**छतरपुर।** नवरात्रि की भक्ति और उल्लास से सराबोर माहौल में चौबे कॉलोनी की सुभाष नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बीती रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष बॉबी राजा उपस्थित रहे, जिन्होंने देवी मां की आरती कर माथा टेका।

आयोजन समिति ने बताया कि समिति विगत 30 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते आ रही है। सनातन परंपरा को जीवित रखते हुए इस वर्ष भी समिति द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूरे नौ दिनों तक विशेष धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चल रही है, जिसका समापन विशाल भंडारे और कन्या पूजन के साथ होगा। बीती शाम आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने मां दुर्गा को समर्पित भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सिमरधा गांव में श्रद्धा और विश्वास का अनूठा संगम

**महाराजपुर।** नवरात्रि महोत्सव के तहत क्षेत्र के ग्राम सिमरधा में सजे मां काली के दरबार में श्रद्धा और विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। दरअसल यहां एक ओर नवरात्रि के प्रथम दिवस से कन्याभोज, महाआरती, गरबा, भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर गांव की रामदेवी पटेल द्वारा मां काली की प्रेरणा से नौ दिनों तक अपने कंधे और सिर पर जवारे रखकर बिना जलपान के मां की उपासना की जा रही है। रामदेवी प्रतिदिन केवल एक लौंग का सेवन करते हुए देवी मां की आराधना कर रही हैं। रामदेवी पटेल ने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा मां काली ने स्वप्न में दी थी, जिसके बाद एक महीने तक उन्होंने एक समय भोजन कर अपने शरीर को साधना के लिए तैयार किया और अब नवरात्रि के पहले दिन से उपासना कर रही हैं।



## गरबा नृत्य से की जा रही देवी मां की आराधना

चरम पर है राधे सेवा फाउंडेशन के गरबा महोत्सव का आनंद

छतरपुर।



शहर के एक्सीलेंस स्कूल खेल मैदान में राधे सेवा फाउंडेशन द्वारा नवदुर्गा गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीती शाम माता के नौ स्वरूपों के साथ मातृशक्ति ने गरबा कर देवी मां की आराधना की, वहीं बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। आयोजन समिति के उपेन्द्र प्रताप सिंह लकी ने बताया कि समिति कई वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है। बीच में कुछ कारणों से यह आयोजन रुक गया था, जिसे अब पुनः प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना है। वहीं उपेन्द्र प्रताप सिंह की धर्मपत्नी मेघा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह है। बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर गरबा के माध्यम से देवी मां की आराधना कर रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से भाजपा नेता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गुड्डू और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह ने छतरपुरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## पर्यटन नगरी में हुआ महाराजा छत्रसाल महोत्सव एवं सम्मान समारोह

**खजुराहो।** बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की स्मृति में बीते रोज पर्यटन नगरी खजुराहो में महाराजा छत्रसाल महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाराजा छत्रसाल की शौर्यगाथा का बखान किए जाने के साथ-साथ मई माह में आयोजित की गई ऐतिहासिक शोभायात्रा के सहभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा छत्रसाल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई।



समारोह का मुख्य आकर्षण मई माह में निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा में सम्मिलित खजुराहो की बेटियों का सम्मान रहा। आयोजन समिति द्वारा उन्हें शील्ड, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक धीरू राजा बुंदेला ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रतिभा का नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की संस्कृति और परंपरा से जुड़ी नारी शक्ति का सम्मान है। वहीं अन्य अतिथियों ने 4 मई को निकाली गई महाराजा छत्रसाल की जयंती की भव्य शोभायात्रा को याद करते हुए कहा कि वह झांकी बुंदेलखंड के इतिहास और संस्कृति की प्रेरणादायक झलक थी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. कंचन शुक्ला रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू अवस्थी, मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, वकील राजेंद्र सिंह, राजू राजा, श्रीमती शिल्पी सूर्य जैन, डॉ. कविता सिंह बुंदेला ने सहभागित की। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह चौहान ने किया। अंत में उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन बुंदेलखंड की बेटियों और प्रतिभाओं को सम्मान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में समाजसेवी, सामाजिक संगठन, गणमान्य नागरिक और क्षेत्र की प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

## महाकाली के दर्शन को उमड़ रहा भक्तों की सैलाब

### 8 फीट ऊँची माँ काली की प्रतिमा बनी आकर्षण का केन्द्र



**हरपालपुर।** नगर के मंगल बाजार में स्थापित 8 फीट ऊँची माँ काली की प्रतिमा इन दिनों भक्तों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है और प्रतिमा के दिव्य दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। सुबह और रात के वक्त की आरती में भारी संख्या में भक्त भाग लेकर माँ कालरात्रि की विधिवत पूजा कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 11 वर्षों से मंगल बाजार में माँ काली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस बार विशेष आकर्षण के रूप में खटक्याना मोहल्ले में भी माँ काली की प्रतिमा विराजमान की गई है। मान्यता है कि माँ कालरात्रि की उपासना से जीवन की नकारात्मकता समाप्त होती है और सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। पूजा में कपूर की आरती की जाती है और माँ को गुड़ का भोग अर्पित किया जाता है। नवरात्रि के आठवें दिन महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालुओं के पहुँचे। वहीं महिलाओं और बच्चों द्वारा डांडिया गरबा महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंडालों में हाथों में डांडिया लिए भक्त माता रानी के भजनों पर नृत्य करते नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगल बाजार के अलावा नगर की राजपूत कॉलोनी, मैन रोड, राजा कॉलोनी, खटक्याना मोहल्ला, कपास मिल, पुरानी गल्ला मंडी, हरिहर रोड, लहचुरा रोड, गलान रोड, राठ रोड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी माँ दुर्गा के पंडाल स्थापित किए गए हैं। नवमी को माता रानी का विसर्जन देवरी और लहचुरा बांध में किया जाएगा।



## ईशानगर में नवदुर्गा महोत्सव की धूम

**ईशानगर।** शारदीय नवदुर्गा महोत्सव के तहत कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास का माहौल बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर देवी मां की भव्य झांकियां सजाई गई हैं, जहां सुबह और शाम की आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें माता रानी के भजनों पर बच्चे नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना रहे हैं। बीती शाम कस्बे की बस्ती में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान सरपंच निधि-जलज मिश्रा ने आयोजन समिति के चिंटू महाराज, हेमन्त लखेरे, देवेन्द्र लखेरे, गिरीश रिछारिया, सुमित साहू, आशीष साहू, छोटे लखेरे, लोकेंद्र विश्वकर्मा, क्रिश साहू, विवेक साहू, अज्जू राय, आशीष राय, आरुष, करन आदि के साथ मिलकर देवी मां की आरती की और आशीर्वाद लिया।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी में गेहूं, चावल का किया गया वितरण

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र मगरधा सेक्टर बिलहरी ब्लॉक रीठी एवं आंगनवाड़ी केंद्र जोबीकला सेक्टर डिटवारा जिला कटनी में 50 परिवारों को राहत राशन चावल गेहूं एवं दाल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रूपा बर्मन, राधा विश्वकर्मा, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, संगीता बर्मन, उर्मिला बैन एवं सांसद के समस्त सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

### 79 ग्राम पंचायतों में चला स्वच्छता अभियान,

**स्लीमनाबाद।** सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत बहोरीबंद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चला जहां जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने श्रमदान किया। एक घण्टे एक साथ श्रमदान कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायतों में सरपंचो ने समाजसेवियों व ग्रामीणों के साथ एक घण्टे एक साथ मिलकर श्रमदान किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता की थीम पर ग्राम पंचायत तेवरी मे 100 वर्ष पुराने मंदिर की साफ-सफाई कर नदी घाट पर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। युवा सरपंच काजल रजक सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो -कर्मचारियों ने हाथों मे झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। स्वच्छता कार्यक्रम पर काजल रजक ने कहा कि स्वच्छता हमारे दिल और दिमाग नही बल्कि सड़क, गांव-गांव भी स्वच्छ रहे। इस दौरान स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया कि हम गाँवो को साफ स्वच्छ बनाये रखने मे सहयोग करेंगे साथ लोगों से भी स्वच्छता बनाये रखने की अपील करेंगे। इस दौरान उपसरपंच सुशील कुशवाहा, लखन उपाध्याय,रवि कांत झरिया,अमित अग्रहरी,सीता राम रजक सहित अन्य जन उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों मे भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### जिले में 16 हजार से अधिक नए हितग्राहियों की पात्रता पर्ची स्वीकृत

**कटनी।** राज्य शासन की लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत, जिले में 5 हजार 532 नए परिवारों के कुल 16 हजार 552 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। हितग्राही राशन दुकान में ई केवायसी करा लें। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि बड़वारा के 930 परिवारों के2 हजार 437 सदस्यों , बहोरीबंद के 452 परिवारों के1 हजार 299 सदस्यों, ढीमरखेड़ा के 715 परिवारों के 2 हजार 24 सदस्यों तथा कटनी के 1 हजार 11 परिवारों के 3 हजार 158 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वींकृत की गई है। इसी प्रकार रीठी के 268 परिवारों के701 सदस्यों, विजयराघवगढ़ के 809 परिवारों के 2 हजार 515 सदस्यों, कटनी नगर के1 हजार 241 परिवारों के 4 हजार 164 सदस्यों, नगर परिषद बरही के 53 परिवारों के 86 सदस्यों, नगर परिषद कैमोर के 29 परिवारोंके63 सदस्यों, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के24 परिवारों के 81 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 1096.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 27 सितम्बर तक कुल 1096.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1441.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1071.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## इस बार दशहरा पर्व में दिखेगी पारंपरिक शिल्प कला की झलक

# 51 फुट ऊंचे रावण 45-45 फीट के मेघनाद और कुंभकरण के पुतले का होगा दहन विजयादशमी उत्सव समिति की तैयारी बैठक

रीवा।



विजयादशमी पर्व को लेकर रीवा नगर में तैयारियां जोरों पर हैं। नगर विजयादशमी उत्सव समिति द्वारा रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में दशहरा और भरत मिलाप समारोह की रूपरेखा बताई गया है, आयोजन को इस बार भी पारंपरिक और भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। समिति ने 2 अक्टूबर को एनसीसी ग्राउंड में रावण दहन और इसी माह भरत मिलाप का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस बार 51 फीट ऊंचे रावण के साथ 45-45 फीट के मेघनाद और कुंभकरण के पुतले दहन किए जाएंगे। भगवान श्रीराम के प्रतीक स्वरूप मंच पर उपस्थित कलाकारों के हाथों यह पुतले अग्नि को समर्पित होंगे। खास बात यह है कि इन विशालकाय पुतलों को सीधी जिले के पारंपरिक शिल्पकारों द्वारा तैयार किया जा रहा है, जिससे आयोजन में कलात्मकता और स्थानीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। पत्रकार वार्ता में समिति संरक्षक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, अध्यक्ष प्रकाश तरानी, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, महासचिव देवेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित दोऊ, सह मीडिया प्रभारी सुमित डिगवानी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।बॉक्स शोभायात्रा से शुरू होगा पर्व का आगाज़2 अक्टूबर को शोभायात्रा किला परिसर से शाम 6 बजे गद्दी पूजन के बाद रवाना होगी। यह यात्रा स्टैचू चौराहा, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौराहा, सिरमौर चौराहा होते हुए एनसीसी ग्राउंड पहुंचेगी। यात्रा में पारंपरिक बग्गियों, सजीव झांकियों और सांस्कृतिक झलकियों का समावेश रहेगा।बॉक्सभरत मिलाप आयोजन भी पदमधर पार्क मेंइस बार भरत मिलाप कार्यक्रम पदमधर पार्क में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने इस कार्यक्रम को भी पारंपरिक अंदाज में संपन्न कराने का संकल्प लिया है।ब्लॉक्स दर्शकों के लिए दो प्रवेश द्वार,दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा, लेकिन गेटपास की व्यवस्था के तहत दो अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। गेट नं. 1 आयुक्त बंगले के सामने होगा, जहां से महाराजा पुष्पराज सिंह जूदेव, सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह सहित गणमान्य नागरिकों का प्रवेश होगा। इस गेट से पारंपरिक बग्गी भी समारोह स्थल में प्रवेश करेगी। इस द्वार से प्रवेश के लिए गेटपास अनिवार्य रहेगा। गेट नं. 2 से आम दर्शकों का प्रवेश होगा, जो गुप्ता पेट्रोल पंप के बगल लाडली लक्ष्मी पथ मार्ग और सेंट्रल एकेडमी स्कूल के सामने से होगा। वाहन पार्किंग के लिए टीआरएस कॉलेज मैदान निधर्धारित किया गया है।

## आरक्षक पर जानलेवा हमला करने वाला बदमाश धारदार चाकू के साथ गिरफ्तारगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही

रीवा ।

जिले के गढ़ थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आरक्षक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को धारदार हथियार सहित उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रामबहोर साकेत पर पहले से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, घटना 30 मई की है जब गढ़ थाना अंतर्गत पुलिस बल एक वारंटी आरोपी रामबहोर साकेत (पिता रघुवीर साकेत) को पकड़ने गंगतीरा गांव पहुंचा था। गिरफ्तारी की कार्रवाई के दौरान आरोपी ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चाकू का वार उनके सीने पर लगा था, जिससे उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार प्रयास किए। घटना के बाद आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296 (हत्या का प्रयास), 115(2), 351(2), 109(1), 121(1), एवं 132 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक की निगरानी में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को गंगतीरा गांव में कांबिंग गश्त के दौरान रामबहोर साकेत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। गढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और हथियारों से संबंधित अपराध शामिल हैं। उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## रीवा जोन में कांबिंग गश्त में 762 वारंटी गिरफ्तार, 703 गुंडा व निगरानी बदमाशों की चेकिंगअपराधियों पर बड़ी कार्रवाई



### आईजी जोन गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाया गया अभियान

रीवा

रीवा जोन में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जोन के सभी जिलों में एक साथ की गई कांबिंग गश्त के दौरान कुल 762 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत के निर्देशन में की गई। अभियान के दौरान रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मैहर और मऊगंज जिले की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन गश्त कर अपराधियों, निगरानी बदमाशों, गुण्डा तत्वों और वारंटियों की धरपकड़ की। जोन भर में कुल 231 स्थाई वारंटी और 531 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया। साथ ही 285 निगरानी बदमाशों और 417 गुण्डा बदमाशों की सघन चेकिंग भी की गई। आईजी गौरव राजपूत ने जोन के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित रूप से कांबिंग गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाएं। गिरफ्तार अधिकांश वारंटियों को न्यायलय ने जेल भेज दिया। चूंकि रविवार को अदालत में नियमित कार्य नहीं होते, ऐसे में वारंटियों की जमानत आवेदन स्वीकार नहीं हुए और बड़ी संख्या में अपराधियों को सीधे जेल भेजा गयाबॉक्स रीवा में 344 वारंटियों की गिरफ्तारी, 73 निगरानी व 73 गुण्डा बदमाशों की चेकिंगरीवा जिले की पुलिस ने इस अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुल 344 वारंटियों की गिरफ्तारी की। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में जिले के सभी थानों ने एक साथ कांबिंग गश्त कर फरार अपराधियों की धरपकड़ की।नजिले में 120 स्थाई वारंटी और 224 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। साथ ही 73 निगरानी बदमाशों और 73 गुण्डा बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों में डर पैदा करना और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाना है। पुलिस की यह कार्रवाई आने वाले समय में भी लगातार जारी रहेगी।

## खरीदी केन्द्रों में धान के सुगमता से उपार्जन की व्यवस्था करें: श्रीमती शमी सभी हितग्राहियों का 5 अक्टूबर तक ईकेवाईसी कराएं



**रीवा** । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव खाद्य विभाग श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने धान उपार्जन की तैयारियों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की। श्रीमती शमी ने कहा कि इस वर्ष समय पर मानसून और अच्छी वर्षा के कारण संभाग के सभी जिलों में धान का उत्पादन गत वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक रहने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए धान उपार्जन की मात्रा निर्धारित करें। सभी खरीदी केन्द्रों में धान के सुगमता से उपार्जन की व्यवस्था करें। कलेक्टर जिला उपार्जन समिति की बैठक में उपार्जन से जुड़े सभी बिन्दुओं की समीक्षा करके आवश्यक प्रबंध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, विश्राम, शौचालय, धान के सुरक्षित भण्डारण, धान को साफ करने तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि समय पर धान खरीदी केन्द्र के प्रस्ताव भेजें। गोदाम स्तर पर ही अधिक से अधिक खरीदी केन्द्र बनाने का प्रयास करें जिससे परिवहन की आवश्यकता न रहे। धान की गुणवत्ता की कड़ाई से जाँच करें। खरीदी केन्द्रों में प्रशिक्षित सर्वेयर अनिवार्य रूप से तैनात रखें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करके उपार्जन की निगरानी करें। उपार्जन के लिए पंजीकृत धान के रकबे का तहसीलदारों के माध्यम से शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। पंजीयन में केवल आधार से लिंक बैंक खाते ही मान्य करें जिससे किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान किया जा सके। मिलर्स को बकाया राशि का भुगतान कराकर खरीदी केन्द्रों से ही मिलिंग के लिए धान का उठाव कराएं। जिन खरीदी केन्द्रों में पिछले वर्षों में उपार्जन में गड़बड़ी हुई है उन पर कड़ी निगरानी रखें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण कराएं। हर उचित मूल्य दुकान पर सेल्समैन नियुक्त करें। उचित मूल्य दुकानों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा योजना में ई केवाईसी संभाग में 89 प्रतिशत हो गया है। मऊगंज, सिंगरौली तथा सीधी शेष बचे हितग्राहियों का भी ई केवाईसी कराएं। सभी हितग्राहियों का 5 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। कलेक्टर जिला आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से अपात्र व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनके नाम पोर्टल से पृथक कराएं। इसी तरह पात्र हितग्राहियों की खाद्यान्न पर्ची भी जारी कराएं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि एक सप्ताह में सभी उचित मूल्य दुकानों में आवंटित खाद्यान्न का सत्यापन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पूर्व में जिन दुकानों में आवंटित खाद्यान्न कम मिला है उनमें वसूली की कार्यवाही करें। आंगनवाड़ी केन्द्र तथा छात्रावासों के लिए समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराएं। बैठक में संचालक खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने धान उपार्जन की प्रक्रिया तथा खरीदी केन्द्रों में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। संचालक ने कहा कि गिरदावरी के अनुसार धान के रकबे का सत्यापन कराएं। धान का उपार्जन एक दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। उपार्जन के लिए संभाग में 385 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में उपार्जन के लिए 12063 गठान बारदाना उपलब्ध है। बैठक में संचालक वेयरहाउस श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि नए गोदामों की मैपिंग कराकर खरीदी केन्द्रों के प्रस्ताव दें। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने धान उपार्जन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा खाद्य विभाग, कृषि विभाग, वेयरहाउस कार्पोरेशन, मण्डी बोर्ड तथा उपार्जन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला गैंग की सर्राफा दुकान को बनाया निशाना, ग्राहक बनकर उड़ाई चार जोड़ी पायल

रीवा।



जिले में एक बार फिर महिला गैंग की सक्रियता सामने आई है। रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोष्टा मोड़ स्थित एक सर्राफा दुकान में दो महिलाओं ने ग्राहक बनकर पहुंचकर दुकानदार को बातों में उलझाया और मौका पाकर चुपचाप चार जोड़ी चांदी की पायल पार कर दी। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है। बता दे कोष्टा मोड़ पर सर्राफा दुकान संचालित करने वाले व्यापारी सुखनंदन सोनी रीवा किसी जरूरी कार्य से गए हुए थे। दुकान की देखरेख उनके भाई कर रहे थे। इसी दौरान दो महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुईं। एक महिला ने सोने की बाली दिखाने की बात कही, जबकि दूसरी ने चांदी की पायल दिखाने को कहा।दुकानदार महिलाओं की मांग पर एक के बाद एक आभूषण दिखाता रहा। इसी बीच दोनों महिलाएं उसे बातों में उलझाकर ध्यान भटकाती रहीं और मौका देखकर बड़ी ही सफाई से चार जोड़ी चांदी की पायल लेकर वहां से चंपत हो गईं। व्यवसायी सुखनंदन सोनी के अनुसार, जब वे शाम को दुकान पर लौटे तो आभूषणों की गिनती के दौरान उन्हें चार जोड़ी पायल गायब मिलीं। पहले तो उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन जब महिलाओं का कुछ सुराग नहीं मिला तो उन्होंने तत्काल रायपुर कर्चुलियान थाने में शिकायत दर्ज करवाई। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में दोनों महिलाएं स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस अब इन शातिर महिलाओं की तलाश कर रही है।बॉक्सपहले भी हो चुकी हैं ऐसी वारदातेंबताते चलें कि इससे पहले भी जिले में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां महिला गैंग ने सर्राफा दुकानों को निशाना बनाया है। बीते वर्ष जनेह थाना क्षेत्र में भी इसी तरह की वारदातों में शामिल कुछ महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि गिरफ्तारी के बाद इस तरह की घटनाओं पर कुछ समय के लिए रोक लग गई थी, लेकिन अब एक बार फिर इस गैंग की सक्रियता सामने आना चिंता का विषय है।

# नवरात्रि पर्व पर जगत जननी मां के पंडाल में उमड़ी भीड़

मऊगंज



*जिलेभर में लोग नवरात्रि के पावन अवसर पर जगत जननी मां जगदंबा के भक्ति में सरोवर हैं नवरात्रि का सातवां दिन में मॉ काल रात्रि को समर्पित है अष्टभुजा धाम बराहटा काली धाम में श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ है सनातन धर्म में नवरात्रि त्योहार अन्य प्रमुख त्योहारों में से एक है इस दौरान मां दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा का विधान है शारदीय नवरात्रि का यह पर्व 22 सितंबर से शुरू हो चुका है यह 2 अक्टूबर दशहरा तक अनवरत चालू रहेगा बरहटा काली धाम में नवो देवियों की मूर्ति स्थापित हैं जिसमें शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चंद्रघंटा कूष्मांडा स्कंद माता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी सिद्धिदात्री मां है काली धाम में प्रतिदिन कन्या पूजन भोज का आयोजन किया जाता है और भंडारे का आयोजन किया जाता है श्रद्धालुओं के द्वारा भजन कीर्तन अनवरत किया जा रहा है*

# आदर्श ग्राम पंचायत भीर में किसानों को दिया गया उद्यानिकी प्रशिक्षण



**मऊगंज** उद्यानिकी विभाग द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत भीर में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजमणि पटेल (पूर्व वैज्ञानिक, वागवानी) रहे, जिन्होंने किसानों को आम, अमरूद और आंवला के वृक्षारोपण तथा उनके विपणन के संबंध में उपयोगी जानकारी दी।वहीं विजय द्विवेदी (डायरेक्टर FPO) ने किसानों को फसल उत्पादन और मार्केटिंग के विषय में मार्गदर्शन दिया।अनिश तिवारी (CDRP, PMFME) ने किसानों को लघु उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक लोन दिलवाने, रिकार्ड तैयार कराने और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। राजपति वर्मा (SHDO) ने किसानों को स्प्रिंकलर पाइप सेट लगाने, वृक्षारोपण, बगीचा लगाने, धनिया-हल्दी जैसी मसाला फसलों तथा मल्चिंग सिस्टम से टमाटर, मिर्च, बैंगन जैसी सब्जियों की खेती और पुष्प क्षेत्र में गेंदा की खेती संबंधी प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था के हीरालाल सोधिया ने 50 किसानों का चयन अकौरी सेक्टर के रामपुर, दूबी, अकौरी, पिपरा, भीर, देवरिहन, बधवा और मौहरिया पंचायत से किया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रस्फुटन समिति भीर के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा (बंटी), सचिव चेतना साकेत, रामराज सोधिया, शेषमणि कुशवाहा एवं कार्यकर्ता रमेश कुमार साकेत द्वारा किया गया।इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामसजीवन साकेत (भीर), राजवंश पटेल (पिपरा) तथा राजेन्द्र पटेल (बधवा भाईबांट) सहित कई किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टी.आर.एस. कॉलेज में विश्व हृदय दिवस पर हुआ संवाद कार्यक्रम




**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राणिशास्त्र विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग तथा युवक रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. के.डी. सिंह, प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अमित तिवारी एवं डॉ. अखिलेश शुक्ल रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित माननीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सिंह को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को हृदय रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली की महत्ता पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि हृदय रोग आज वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं, और यह केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया है। युवाओं में फास्ट फूड की बढ़ती प्रवृत्ति, तनाव, नशे की लत तथा शारीरिक श्रम की कमी इसके मुख्य कारण हैं। डॉ. सिंह ने कहा, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव नियंत्रण आवश्यक है। हमें मोबाइल और गैजेट्स पर समय व्यर्थ करने के बजाय खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। युवा पीढ़ी यदि अभी से जागरूक हो जाए तो भविष्य में हृदय रोगों के खतरों से बचा जा सकता है। संवाद कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं की शंकाओं का समाधान डॉ. सिंह के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाते हैं। उन्होंने हृदय रोगों से बचाव को जीवनशैली सुधार से जोड़ा और विद्यार्थियों से नशा मुक्ति तथा सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. संध्या सिंह प्राणिशास्त्र विभाग की ओर से व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रभारी युवक रेडक्रॉस शिक्षक, कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण, जागरूकतापरक और प्रेरणादायी रहा।